रजिस्ट्री संख्या डी एल-33001/92 REGISTERED NO. DL-33001/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 15] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 11, 1992 (चैत्र 22, 1914)
No. 15] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 11, 1992 (CHAITRA 22, 1914)

(इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके)
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	317
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	405
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	7
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं . . .	639
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं . .	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश . .	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं . . .	353
भाग III—खण्ड 2—पेटेन्ट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस . .	451
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	*
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . .	1233
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस . . .	59
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला अनुपूरक .	*

*प्राप्त नहीं ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court.	317
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	405
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . . .	7
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	639
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills . .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India, (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SEC. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, Published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Govern nent of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administration of Union Territories) . .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India . . .	353
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs . . .	451
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	*
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1233
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	59
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folio Nos. not received.

भाग I—खण्ड 1
[PART I--SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1992

सं० 20-प्रेज/92—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके असाधारण वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1 जे० सी०-169170 सूबेदार नौपा राम, (मरणोपरान्त)
जाट रेजिमेंट
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 फरवरी, 1991)

12 फरवरी 1991 को 18 जाट रेजिमेंट का त्वरित जवाबी कार्रवाई दल अमृतसर जिले के मालियान गांव के निकट भारी मेघा नाले के किनारे-किनारे गश्त लगा रहा था। सूबेदार नौपा राम इस गश्ती दल के एक सदस्य थे। उन्होंने एक आदमी को संदेहास्पद स्थिति में एक फार्म हाउस से निकलते हुए देखा। उस संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ने के उद्देश्य से इस दल के कमांडर ने तत्काल एक योजना बनाई। दल तीन भागों में बट गया, एक-एक अफसर के नेतृत्व में दो दल उस संदिग्ध व्यक्ति को घेरने के लिए दोनों किनारों की ओर आगे बढ़े और सूबेदार नौपा राम के नेतृत्व में तीसरे दल को उस व्यक्ति का पीछा करके उसे पकड़ने का निर्देश दिया। उस क्षेत्र में गन्ने के खेतों तथा सफेदे के वृक्षों और खेती बाड़ी की वजह से वहां झाड़-झंखाड़ पड़ा हुआ था। सेना के जवानों को देख कर यह आदमी भागने लगा। उस समय तक सूबेदार नौपा राम ने अपने दल को संगठित करके उसका पीछा करना शुरू कर दिया। पीछा किए जाते समय उग्रवादी खेतों और वृक्षों से उपलब्ध आड़ का फायदा उठाकर अपनी ए० के०-47 असाल्ट से गोली-बारी करता रहा। सूबेदार नौपा राम ने उसकी गोली-बारी का जवाब दिए बिना उसका पीछा करना जारी रखा। तेज धावक होने के कारण उग्रवादी का पीछा करते हुए उनके बीच केवल 10 मीटर की ही दूरी रह गई। तब उन्होंने गोली मार कर उस उग्रवादी को घायल कर दिया। उस उग्रवादी ने भी जवाबी गोलीबारी की जिससे जे० सी० ओ० नौपा राम घायल हो गए। उसी समय उन्हें ज्ञात हुआ कि उनकी मैगजीन खाली है और उनके पास मैगजीन बदलने का भी समय नहीं था। अतः वे उस उग्रवादी पर झपट पड़े और उसकी ए० के०-47 राइफल के बैरल को कस कर पकड़ लिया। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने उग्रवादी को जकड़ते समय, जो कि भागने का प्रयास कर रहा था, आश्चर्यजनक साहस एवं वीरता का परिचय दिया। उन दोनों की हाथा-पाई शुरू हो गई। अपने घावों से हो रहे निरन्तर रक्तस्राव की बिलकुल भी चिन्ता किए बिना वे उग्रवादी से जूझते रहे और किसी प्रकार उस पर काबू पाए रहे। उन्होंने उग्रवादी को अधिक दूर नहीं भागने दिया इस बीच लांस हवलदार राधा करण वहां पहुंच गए और गोली चला कर उग्रवादी को मार दिया। यह उग्रवादी खालिस्तान कमांडो फोर्स का स्वयंभू एरिया कमांडर स्वर्णसिंह सोना था। उसके पास एक ए० के०-47 राइफल, बड़ी मात्रा में गोला बारूद और दस्तावेज, जिनमें खालिस्तान कमांडो फोर्स के अध्यक्ष के पत्र भी शामिल हैं, बरामद हुए। परन्तु साहसी जूनियर कमीशन अफसर अपने घावों की वजह से वीरगति को प्राप्त हुए।

इस प्रकार सूबेदार नौपा राम ने उग्रवादी का सामना करते हुए उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया और सेना की उच्चतम परम्परा के अनुरूप अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया।

2 जे० सी०-73334 नायब सूबेदार पदम बहादुर छेत्री,
असम राइफल्स
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 5 मई, 1991)

5 मई, 1991 को नायब सूबेदार पदम बहादुर छेत्री 15 जवानों के साथ बहुत अधिक ऊंचाई पर बर्फीले क्षेत्र में स्थित दूधी चौकी पर कब्जा करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में इनसे दल की राष्ट्र विरोधी तत्वों के एक काफी बड़े दल के साथ भीषण मुठभेड़ हो गई। यह पता चलने पर कि इनके दल में अन्य रैंक के थोड़े जवान शामिल हैं, राष्ट्र विरोधी तत्वों ने इनके दल को घेरने का प्रयास किया। परन्तु नायब सूबेदार पदम बहादुर छेत्री ने उनका प्रयास विफल कर दिया। इन्होंने अपने जवानों को राष्ट्र विरोधी तत्वों का मुकाबला करने के लिए प्रभावशाली रूप से तैनात किया और उनके भागने के सभी रास्ते बंद कर दिए। मुठभेड़ के दौरान इनके दल के तीन जवान हताहत हो गए जिससे इनके दल के सदस्यों की संख्या घटकर 12 रह गई। परन्तु इन्होंने हिम्मत नहीं हारी और करीब साढ़े पांच घंटे तक उन राष्ट्र विरोधी तत्वों का मुकाबला करते रहे। इस कार्रवाई में इन्होंने स्वयं 9 राष्ट्र विरोधियों को मार गिराया जबकि इनके दल ने उनमें से 29 अन्य राष्ट्र विरोधियों को मार गिराया।

3. फ्लाइट लेफ्टिनेन्ट मैसूर कृष्णास्वामी राम प्रसाद,
(18440) एयरोनाटिकस इंजीनियर (मैकेनिकल)
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 17 जुलाई, 1991।

15 जुलाई, 1991 को फ्लाइट लेफ्टिनेंट मैसूर कृष्णास्वामी राम प्रसाद को युद्धक स्क्वाड्रन ने सक्रिय युद्धाभ्यास के लिए मिग एयर फोर्स के लिए प्रस्थान किया। 17 जुलाई, 1991 को मिग 27 एम० एल० एयर क्राफ्ट नम्बर टी० एस० 539 के पिछले फ्यूजलेज स्टेशन पर 250 कि० ग्रा० का एक बम और 30 एम० एम० फंट गन गोलाबारूद के 100 राउंड लगाए। तदुपरांत दो वायुयानों को एक साथ उड़ान भरने के लिए रन-वे पर लाइन में खड़ा किया गया और जैसे ही थ्रोटल खोला गया उसी समय दूसरे वायुयान के पायलट ने यह देखा कि वायुयान टी० एस०-539 के पिछले हिस्से से चिंगारियां और आग निकल रही है। टी० एस०-539 के पायलट को अग्नि के बारे में बताया गया और उससे तुरन्त अपने वायुयान से उतरने के लिए कहा गया। अग्नि शामक

वाहन के आने तक वायुयान का पिछला हिस्सा पूरी तरह अग्नि की चपेट में आ चुका था ।

यद्यपि आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे थे परन्तु 250 कि० ग्रा० के बम के किसी भी समय फटने का गंभीर रूप से खतरा बना हुआ था । उसी समय फ्लाइट लेफ्टिनेंट राम प्रसाद वायुयान के निकट पहुंचे और अपने जीवन पर आसन्न खतरे की चिन्ता किए बगैर उत्कृष्ट सूझबूझ का परिचय देते हुए छलांग लगा कर काकपिट में घुस गये । उन्होंने बैटरी मास्टर और सभी आयुध उपस्करों के स्विच बंद कर दिए । नीचे कूदते समय रन-वे पर झाग और पानी फैला होने की वजह से फिसल गए जिससे उनकी टांग में चोट आ गई । परन्तु चोट की चिन्ता किए बगैर ये उस पैनल को खोलने के लिए आगे बढ़े जिसमें फ्यूल शाट आफ काक रखा हुआ था । आग को और अधिक फैलने से रोकने के लिए फ्यूल शाट काक को बंद करना आवश्यक था । पैनल के पास अग्नि बहुत अधिक होने की वजह से पैनल लाल सुर्ख हो गया था । अत्याधिक प्रयास के बाद वे पैनल को खोलने में सफल हो गए और अन्ततः उन्होंने हाथ से ही फ्यूल शाट आफ काक को बंद कर दिया । अत्यधिक ताप में किसी भी क्षण बम में विस्फोट होने के गंभीर खतरे को पूर्णतः जानते हुए भी फ्लाइट लेफ्टिनेंट प्रसाद 250 कि० ग्रा० के बम का फ्यूज निकालने तथा उसे पूर्णतः सुरक्षित करने के लिए आगे बढ़े । अत्यधिक ताप होने की वजह से रिलीज यूनिट का कार्टरिज भी चालू हो सकता था जिससे बम के आकस्मिक रूप से रिलीज हो कर उसमें विस्फोट होने का खतरा बना हुआ था । ऐसी स्थिति में इन्होंने इलैक्ट्रिक रिलीज यूनिट कार्टरिज हटाकर बम के विस्फोट से होने वाली दुर्घटना को समाप्त कर दिया । इसके बाद इन्होंने बिजली के कनैक्शन हटा दिए और 30 एम० एम० तोप को सुरक्षित कर दिया । इन्होंने समय पर जो कार्रवाई की उससे न केवल बहुमूल्य वायुयान और अधिक क्षतिग्रस्त होने से बच गया बल्कि कई व्यक्तियों के जीवन के संभावित खतरे से उनकी रक्षा की ।

इस प्रकार फ्लाइट लेफ्टिनेंट मैसूर कृष्णास्वामी राम प्रसाद ने उत्कृष्ट साहस और अत्यधिक खतरनाक परिस्थिति में काम करने की अनुकरणीय सूझबूझ का परिचय दिया ।

1 3984772, सिपाही स्वर्ण सिंह, (मरणोपरान्त)
18 डोगरा
पुरस्कार की प्रभावी तारीख 8 अगस्त, 1991 ।

8 अगस्त, 1991 को 18 डोगरा द्वारा बोल्याम कोनार और जफरवानी गांव की घेराबंदी करके तलाशी लिए जाने की कार्रवाई के दौरान सिपाही स्वर्ण सिंह को लगभग 50 मीटर की दूरी पर वृक्षों के एक झुरमुट में कुछ संदेहजनक गतिविधियों की भनक लगी । उन्होंने इसकी सूचना अपने प्लाटून कमांडर सेकन्ड लेफ्टिनेंट बी० जे० एस० संधू को दी । इसके पश्चात, प्लाटून कमांडर संधू छह जवानों को साथ लेकर संदिग्ध व्यक्तियों का मुकाबला करने और उन्हें पकड़ने के उद्देश्य से उक्त स्थल की ओर दौड़ पड़े । ये लोग उक्त स्थल की ओर बढ़ ही रहे थे कि उन पर भारी मात्रा में गोलीबारी होने लगी जिसमें एक यूनिवर्सल मशीन गन का इस्तेमाल भी किया जा रहा था । तुरन्त जवाबी कार्रवाई की गई और उक्त क्षेत्र को घेर लिया गया । गोलीबारी की आवाज सुनकर कैप्टन संदीप शाकला जो जफरवानी गांव में संदिग्ध व्यक्तियों की तालाशी कर रहे थे, तुरन्त जवाबी कार्रवाई करने वाले अपने दल के साथ तेजी के साथ गोलीबारी स्थल की ओर बढ़े । कैप्टन शाकला के वहां पहुंचने तक सैकण्ड लेफ्टिनेंट संधु और सिपाही स्वर्ण सिंह पूर्वी दिशा से राष्ट्रविरोधी तत्वों का मुकाबला कर रहे थे और शेष सैनिक पहाड़ी की उत्तरी दिशा में तैनात थे । वहां पहुंचने पर कैप्टन संदीप शाकला ने तुरन्त जवाबी कार्रवाई करने वाले अपने दल को दक्षिण-पूर्वी दिशा में भेज दिया और अपने आपरेटर को साथ लेकर स्वयं सेकन्ड लेफ्टिनेंट संधू के साथ आगे बढ़े । सिपाही स्वर्ण सिंह कैप्टन संदीप शाकला और सैकन्ड लेफ्टिनेंट संधू को सुरक्षा प्रदान करने के लिए सबसे आगे बढ़ कर चल रहे थे । इन्होंने रेंगते हुए गोलीबारी स्थल से 10 गज दूरी तक पहुंच कर वहां से राष्ट्रविरोधी तत्वों का मुकाबला करना शुरू कर दिया । सिपाही स्वर्ण सिंह ने असाधारण साहस और वीरता का परिचय देते हुए गोलाबारी-स्थल से सिर्फ 5 गज की दूरी पर एक वृक्ष की आड़ लेकर वहां छिपे 15 राष्ट्रविरोधी तत्वों पर गोलीबारी करके उनमें से एक को वहीं ढेर कर दिया । लेकिन यूनिवर्सल मशीन गन की एक गोली इस समय सिपाही की छाती में आ लगी । इसके बावजूद यह बहादुर जवान अत्याधिक खून बह जाने के कारण अचेत होने तक गोलीबारी करता रहा और बाद में उनकी मृत्यु हो गई । यदि वे अग्रणी रहकर ऐसा न करते तो उनके पीछे के दो अफसर और अन्य जवान हताहत हो जाते ।

इस प्रकार सिपाही स्वर्ण सिंह ने राष्ट्रविरोधी तत्वों का मुकाबला करते हुए असाधारण साहस, वीरता और आत्म बलिदान की भावना का परिचय दिया ।

5 मेजर मोहिन्दर सिंह पठानिया,
(आई० सी०-34879), पंजाब रेजिमेंट
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 23 अगस्त, 1991)

23 अगस्त, 1991 को 19 पंजाब के कम्पनी कमांडर मेजर मोहिन्दर सिंह पठानिया को पुंछ सैक्टर के किरनी क्षेत्र "मुनोर हट" नामक स्थान से राष्ट्रविरोधी तत्वों का सफाया करने के लिए भेजा गया । कम्पनी का नेतृत्व करते हुए ये स्वयं सबसे आगे रहे और सबसे पहले इन्होंने ही हट पर आक्रमण किया । राष्ट्रविरोधी तत्व सकते में आकर मनोरहट के पिछवाड़े से भाग खड़े हुए । इस कार्रवाई में माथे पर चोट लगने के बावजूद मेजर पठानिया ने वहां से हटकर सुरक्षित स्थान पर जाने से मना कर दिया ।

'जालानी हट' नामक एक अन्य मोर्चे में राष्ट्रविरोधी तत्वों को खदेड़ने समय एक गश्तीदल जिसमें एक अफसर और 15 अन्य रैंक शामिल थे उनके द्वारा तोपखाने और स्वचालित हथियारों से की जा रही फायरिंग में घिर गया । उस गश्तीदल की सहायता के लिए मेजर मोहिन्दर सिंह पठानिया ने सही मौके पर कार्रवाई की और अपने 15 जवानों की टुकड़ी का नेतृत्व करते हुए उक्त घिरे हुए गश्तीदल के पास पहुंच गए । तत्पश्चात् इस वीर अफसर ने 'जलानी हट" पर आक्रमण कर दिया । भीषण मुठभेड़ के पश्चात् मेजर मोहिन्दर सिंह पठानिया "हट" पर कब्जा करने में कामयाब हो गए । राष्ट्रविरोधी तत्वों ने जालानी हट पर फिर से आक्रमण करने के लिए मोर्चा सम्भाल लिया परन्तु अनुकरणीय वीरता का परिचय देते हुए इस बहादुर अफसर ने एक खंदक से दूसरी खंदक में आ-जाकर अपने जवानों का हौसला बनाए रखा । राष्ट्रविरोधी तत्वों ने खोये गए जालानी हट पर फिर से कब्जा करने के लिए एक बार फिर प्रयास किया । लेकिन इस बहादुर कम्पनी कमांडर की प्रेरणा से ओत-प्रोत कमान के सैनिकों ने उनके आक्रमण को इस बार भी विफल कर दिया ।

इस प्रकार मेजर मोहिन्दर सिंह पठानिया ने पूरी सैन्य कार्रवाई के दौरान असाधारण बहादुरी अत्याधिक साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया ।

6 2875197, नायक हरि सिंह, (मरणोपरान्त)
4 राजपूताना राइफल्स,
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 29 अगस्त, 1991)

नायक हरि सिंह, 4 राजपूताना राइफल्स के गश्तीदल में शामिल थे जो जम्मू और कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के गुथम क्षेत्र में पाकिस्तानी सीमा पर नियंत्रण-रेखा के पास तैनात था । 29 अगस्त, 1991 को

उन्होंने लगभग 30 गज की दूरी पर उग्रवादियों के एक दल को देखा। उन्होंने अपने गश्तीदल को सचेत किया और निर्भीकतापूर्वक तड़ित वेग से उग्रवादियों पर टूट पड़े। इस कार्रवाई में उनके पेट में बंदूक की गोली आ लगी। परन्तु वे इससे विचलित नहीं हुए। उन्होंने एक उग्रवादी को मार गिराया और अपना आक्रमण जारी रखा। एक अन्य उग्रवादी की गोली से दूसरी बार घायल होने के बावजूद भी वह निर्भीक अफसर निरंतर आक्रमण करता रहा तथा एक और उग्रवादी को ढेर कर दिया। इस बीच एक गोली उनकी गर्दन को छेदते हुए निकल गई और वे उसी स्थान पर वीरगति को प्राप्त हो गए। उनके आक्रमण की प्रचण्डता एवं गति से उग्रवादी इतने अधिक भयभीत हो गए कि वे 28 एके–56 राइफलें, एक स्वचालित मशीन गन, दो राकेट लांचर और 5 हजार राउंड से अधिक गोलाबारूद छोड़ कर वहां से भाग गए।

इस प्रकार नायक हरि सिंह ने उग्रवादियों का मुकाबला करते हुए उत्कृष्ट वीरता, पराक्रम और आत्मोत्सर्ग का परिचय दिया।

7 कर्नल इन्द्रजीत सिंह (आई० सी०–22575),
वि० से० मे० इंफैंट्री,
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 24 सितम्बर, 1991)

23/24 सितम्बर, 1991 की रात 7 असम राइफल्स के कमांडिंग अफसर कर्नल इन्द्रजीत सिंह पाकिस्तान में प्रशिक्षित राष्ट्रविरोधी तत्वों द्वारा कुपवाड़ा क्षेत्र में घुसपैठ रोकने के लिए तैनात सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे। 24 सितम्बर, 1991 को लगभग 0100 बजे इन्हें यह सूचना मिली कि एक गिरोह के सदस्य नियंत्रण रेखा के पार घुसपैठ कर रहे हैं। सूचना मिलते ही कर्नल इन्द्रजीत सिंह ने घुसपैठ वाले मार्ग पर घात लगाने की योजना बनाई। घात की कमान इन्होंने स्वयं सम्भाली। घुसपैठियों के घात-स्थल पर पहुंचते ही घेराबंदी मजबूत कर दी गई। घुसपैठियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चेतावनी दी गई लेकिन घुसपैठियों ने भीषण गोलाबारी शुरू कर दी और इन पर हथगोले फेंके। कर्नल सिंह ने साहस और दृढ़संकल्प के साथ कार्रवाई की और घुसपैठियों पर अचूक गोलीबारी करने का निर्देश दिया तथा 21 घुसपैठियों को मार गिराया। एक घुसपैठिया घायल हो गया और उसे बंदी बना लिया। इस प्रकार इन्होंने 22 सदस्यों के घुसपैठियों के दल का पूर्णत सफाया कर दिया और इस कार्रवाई में एक भी भारतीय जवान हताहत नहीं हुआ। इस अत्याधिक सफल कार्रवाई में कुल मिलाकर 20 एके–56 राइफलें, 1 राकेट लांचर, 1 पिस्तौल, 3000 चक्र से अधिक मात्रा में वर्गीकृत गोलाबारूद और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए।

इस प्रकार, कर्नल इन्द्रजीत सिंह, वि० से० मे० ने घुसपैठियों के विरुद्ध सफलतापूर्वक संक्रियात्मक कार्रवाई के दौरान अदम्य साहस, उच्चकोटि के नेतृत्व, योजना बनाने की क्षमता और दूरदर्शिता का परिचय दिया।

8. श्री पडिल्लापल्ली श्रीनिवास, (मरणोपरान्त),
भारतीय वन सेवा,
पूर्व गोदावरी, आंध्र प्रदेश।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10 नवम्बर, 1991)

कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक, तामिलनाडु और केरल के जंगलों में लकड़ी की तस्करी में लगे वीरप्पन और उसके गिरोह को पकड़ने के लिए एक विशेष कृतिक बल का गठन किया था जिसमें भारतीय वन सेवा के कर्नाटक संवर्ग के अधिकारी श्री पी० श्रीनिवास एक सदस्य थे। यहां श्री पी० श्रीनिवास ने वनों में रह रहे आदिवासियों के लाभ के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए और उस क्षेत्र में ऐसा वातावरण बना दिया जिससे वीरप्पन के लिए लकड़ी की तस्करी करना दुष्कर हो गया। इसलिए वीरप्पन और उसके गिरोह के लोगों ने श्रीनिवास को मारने का निश्चय कर लिया।

श्री श्रीनिवास मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे थे। उसी समय वीरप्पन का भाई अर्जुन उनसे मिला और बताया कि वीरप्पन आत्मसमर्पण चाहता है। श्री अर्जुन ने यह भी बताया कि आत्मसमर्पण के लिए वीरप्पन की शर्त यह है कि आत्मसमर्पण के समय पुलिस का कोई अधिकारी नहीं हो। इस सूचना के आधार पर श्री श्रीनिवास, मिलने के पूर्व निश्चित स्थान की ओर चल पड़े। उनके साथ 4 व्यक्ति और भी थे जिनमें वह व्यक्ति भी शामिल था जो मुखबिर बनने से पहले तस्करी करता था। श्री श्रीनिवास निहत्थे थे। 10 नवम्बर, 1991 को सुबह 5 बजे जैसे ही वे और उनके साथी मिलने के पूर्व निश्चित स्थान पर पहुंचे, वीरप्पन ने अपने लेफ्टिनेंट कोलत्ती को गोली मारने का आदेश दिया। सभी उन पर गोलियों की बौछार होने लगी और वे गोलियों के शिकार हो गये। सुबह जब एक खोजी दल वहां से गुजर रहा था तो उन्हें 37 वर्षीय वन अधिकारी का शव अधजली अवस्था में पड़ा मिला और उनका सिर गायब था।

इस कार्रवाई में श्री पडिल्लापल्ली श्रीनिवास ने अपने प्राणों का बलिदान देकर साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

सं० 21–प्रेज/92—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र प्रदान किए जाने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

1. श्री हजारा सिंह, कपूरथला, पंजाब (मरणोपरान्त)
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख 27 जुलाई, 1990)

27 जुलाई, 1990 को लगभग 1130 बजे जिला जालंधर में पंजाब एण्ड सिंध बैंक की दयालपुर शाखा कार्यालय में वहां के गनमैन ने 8–10 ग्राहकों को बैंक में प्रवेश कराने के लिए जंगलेदार दरवाजा खोला। ग्राहक के भेष में एक लुटेरा उनमें भिड़ गया और उक्त शाखा में रखी नकदी को लूटने के इरादे से उससे बन्दूक छीनने लगा गनमैन हजारा सिंह ने अपने कन्धे और एक बाँह से मजबूती से बन्दूक को पकड़े रखा और दूसरे हाथ के साथ हाथापाई करते हुए उसे पकड़ने के लिए मदद के वास्ते गुहार लगाई। गनमैन के प्रतिरोध से क्रुद्ध होकर दूसरे लुटेरे ने जो बैंक के अन्दर सबसे पहले आने वाले ग्राहकों के साथ चुपके से घुस आया था, और उस समय काउन्टर के सामने ग्राहकों के पीछे खड़ा था, अपनी पिस्तौल निकाल कर गनमैन पर अंधाधुंध गोलियां चला दी। गोलियों की आवाज सुनकर बैंक कर्मचारी और ग्राहक हड़बड़ी में सुरक्षित स्थान की तरफ दौड़े और फर्श पर लेट गए। श्री हजारा सिंह घायल होने के बावजूद लुटेरे को पकड़े रखा और बन्दूक छीनने से उसे रोके रहे। इस हाथापाई के दौरान लुटेरे ने हताश होकर अपनी पिस्तौल निकाल ली और बहुत कम दूरी से श्री हजारा सिंह पर कई गोलियां की बौछार कर उन्हें वहीं ढेर कर दिया। इस मुठभेड़ के परिणाम स्वरूप लुटेरे बैंक से नकदी लूटने और बन्दूक छीनने में विफल रहे और बैंक के बाहर खड़ी मोटर साइकिल पर भाग गए।

इस प्रकार श्री हजारा सिंह ने परम कर्तव्यनिष्ठा चौकसी, और असाधारण साहस का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान देकर बैंक लूटने के प्रयास को विफल कर दिया और बैंक के अन्य कर्मचारियों और ग्राहकों का जीवन बचा लिया।

2 13735991–हवलदार मान बहादुर गुरुंग
जम्मू एवं कश्मीर राइफल्स (मरणोपरान्त)
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—28 जुलाई 1990)

19 जम्मू और कश्मीर राइफल्स के हवलदार मान बहादुर गुरुंग अपनी वार्षिक छुट्टी पूरी होने पर "आपरेशन रक्षक फील्ड के संबंध में तैनात अपनी यूनिट में अपना कार्यभार संभालने के लिए 5815 अप गुवाहाटी–वाराणसी एक्सप्रेस से 28 जुलाई 1990 को यात्रा कर रहे थे। धामहरघाट और कमारिया रेल स्टेशनों के बीच सशस्त्र लुटेरों ने ट्रेन रोक दी और मिलिटरी कोच में घुस गए। अपने साथी सैनिकों के साथ मिलकर हवलदार मान बहादुर गुरुंग ने उनका कड़ा विरोध किया। जब लुटेरे हिंसा पर

उतर आए तो हवलदार गुरुंग ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना सशस्त्र लुटेरों पर हाथ में पकड़ी गई अपनी खुकरी से बड़ी बहादुरी के साथ हमला किया। 6/5 गोरखा राइफल्स के राइफलमैन गोकुल कुमार गुरुंग और 2/9 गोरखा राइफल के लांस नायक प्रेम बहादुर ने इस हमले में बड़ी कुशलतापूर्वक हवलदार गुरुंग की सहायता की। हाथापाई के दौरान लुटेरों द्वारा बहुत ही नजदीक से चलाई गई गोली से वे मारे गए। बाद में पता चला कि उनकी वीरता और साहसिक कार्रवाई के दौरान एक लुटेरा मारा गया और कई अन्य लुटेरे घायल हो गए जिसके फलस्वरूप जान-माल को और अधिक नुकसान पहुंचाए बिना लुटेरे भाग खड़े हुए।

इस प्रकार हवलदार मान बहादुर गुरुंग ने उत्कृष्ट साहस और अनुकरणीय नागरिक भावना का परिचय दिया और सेना की सर्वोच्च परम्पराओं के अनुरूप अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

3 5843801—राइफलमैन धन बहादुर छेत्री
2/9 गोरखा राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—28 जुलाई 1990)

28 जुलाई, 1990 को गोहाटी से बनारस की ओर आ रही जी० एल० एक्सप्रेस को डाकुओं ने बिहार में धमाराघाट और कोपारिया के बीच रोक लिया। शीघ्र ही वे प्रत्येक डिब्बे को सुनियोजित ढंग से लूटने लगे। उसी गाड़ी में राइफलमैन धन बहादुर छेत्री और कुछ अन्य जवान अपनी यूनिट में कार्यभार ग्रहण करने के लिए यात्रा कर रहे थे। राइफलमैन धन बहादुर छेत्री और अन्य पांच जवान एक ही डिब्बे में यात्रा कर रहे थे। इन्होंने अपने डिब्बे के दरवाजे बन्द कर लिए और डिब्बे के सिविलियन यात्रियों से कहा कि वे घबराएं नहीं और डिब्बे के फर्श पर लेट जाएं ताकि यदि डाकू गोलियां चलाएं तो वे सुरक्षित रहें। जवानों ने तत्काल डाकुओं से निपटने की योजना बनाई। तदनुसार कुछ जवानों जिनके पास खुकरी थी ने उसे उपयोग के लिए संभाल लिया।

जैसी कि आशा थी डाकू उस डिब्बे में पहुंचे जिसमें यह जवान बैठे हुए थे। डाकुओं ने डिब्बे का दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खोलने के लिए यात्रियों को धमकाया। अधीर होकर डाकुओं ने दरवाजे का शीशा तोड़ दिया और अपनी बन्दूकों की नाल डिब्बे में घुसेड़ दी। उसी समय यात्रियों ने डर कर दरवाजा खोल दिया। डिब्बे में घुसने के साथ ही वे यात्रियों का सामान उठाने लगे। कुछ डाकुओं ने दरवाजे के पास बैठे तीन जवानों से नकदी और कीमती वस्तुएं छीनने का प्रयास किया। जवानों के विरोध करने पर मारधाड़ पर उतारू डाकुओं ने तत्काल ही निकट से गोली चलाकर उन्हें मार दिया। राइफलमैन धन बहादुर छेत्री जो डाकुओं को मारने की प्रतीक्षा में थे, डाकुओं द्वारा अचानक गोलियां चला कर की गई अपने साथियों की निर्मम हत्या को सहन नहीं कर सके। अपनी जान की रत्तीभर परवाह किए बिना वे अपनी खुकरी के साथ अपनी रेजीमेंट का युद्ध गीत "आयो गोरखाली" गाते हुए सशस्त्र डाकुओं पर झपट पड़े। सेना के अच्छी तरह से प्रशिक्षित और प्रेरणा के ओत-प्रोत जवान के इस फुर्तीले प्रहार से डाकू अपने को पूरी तरह से असुरक्षित महसूस करने लगे और वे शीघ्र ही वापिस भागने की कोशिश करने लगे। राइफलमैन धन बहादुर छेत्री ने अपनी खुकरी फेंक कर भागते हुए डाकुओं पर प्रहार किया जिससे उनमें एक घायल हो गया पर फिर भी वह भागने में सफल हो गया। उसने अपनी खुकरी फिर उठाई और अपनी जान को जोखिम में डालकर डाकुओं के पीछे भागे और एक अन्य डाकू को घायल कर दिया। उस समय तक राइफलमैन होम बहादुर छेत्री, राम बहादुर थापा इस आक्रमण में उनके साथ आ मिले और यह सुनिश्चित किया कि डाकू अपनी नावों में भाग गए है। इस प्रकार इन तीन जवानों ने पूरी गाड़ी को लूटने से बचा लिया।

राइफलमैन धन बहादुर छेत्री ने अपनी जान को जोखिम में डालकर लुटेरों द्वारा गाड़ी के यात्रियों को लूटने के प्रयास को असफल करने में अनुकरणीय साहस का परिचय दिया।

4. 2872410—हवलदार जगदीश प्रसाद राजपूताना राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—14 अगस्त 1990)

14 अगस्त, 1990 को 9 मध्य प्रदेश बटालियन, राष्ट्रीय कैडेट कोर इंदौर के हवलदार जगदीश प्रसाद पी० एम० बी० गुजराती साइंस कालेज इंदौर के कैडेटों को सामान्य प्रशिक्षण देने के बाद अपनी साइकिल पर यूनिट आवास लौट रहे थे। लगभग सवा ग्यारह बजे जब वे सैन्ट्रल बैंक आफ इंडिया सयोगितागंज शाखा इंदौर के निकट पहुंचे तब उन्होंने कुछ शरारती तत्वों द्वारा घायल एक औरत और एक आदमी को सहायता के लिए पुकारते हुए सुना। वे जिस ओर इशारा कर रहे थे उसी दिशा में उन्होंने दो युवकों को भागते हुए भी देखा। ये सुरन्त ही एक छोटे रास्ते से लपके और बदमाशों के पास पहुंच गए। दोनों बदमाशों के पास पहुंच कर इन्होंने देखा कि उन दोनों की उम्र लगभग तीस वर्ष की थी और उनके हाथ में चाकू थे जिन पर खून के ताजे निशान थे। हवलदार प्रसाद ने यह भी देखा कि उनमें से एक व्यक्ति ने हाथ में एक थैला पकड़ा हुआ है जिसमें छीनी हुई धन राशि है। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की चिंता किए बगैर हवलदार जगदीश प्रसाद दोनों अपराधियों पर झपट पड़े और उनके बीच काफी समय तक कड़ा संघर्ष हुआ। ये अकेले निहत्थे ही दो सशस्त्र व्यक्तियों से जूझते रहे जिसमें से एक ने अपने चाकू से इन पर वार भी किया। इस प्रक्रिया में एक बदमाश भाग निकला जबकि दूसरे पर हवलदार जगदीश प्रसाद काबू पाए रहे। इसी व्यक्ति के पास वह थैला भी था जिसमें 30,000/- रुपये थे। बाद में पकड़े गए बदमाश और उक्त थैले को स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को सौंप दिया गया।

इस प्रकार हवलदार जगदीश प्रसाद ने डकैतों को पकड़ने में उत्कृष्ट वीरता और अनुकरणीय नागरिक भावना का परिचय दिया।

5 श्री सुदर्शन कुमार (मरणोपरांत)
अमृतसर पंजाब।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—24 अगस्त, 1990)

24 अगस्त, 1990 को जब श्री सुदर्शन कुमार अपनी धान मिल में आए तो ए० के०-47 राइफलों से लैस दो आतंकवादियों ने उन्हें धक्का देकर मिल के मुख्य द्वार से अन्दर धकेल दिया। आतंकवादियों को देख वहां खड़े अन्य सभी व्यक्ति दुम दबाकर भाग गए। श्री सुदर्शन कुमार ने आतंकवादियों को समझाने-बुझाने की कोशिश की परन्तु यह समझते हुए कि आतंकवादी उन्हें गोली मारकर खत्म करने पर उतारू है, वे उनमें से एक आतंकवादी पर झपट पड़े और उसे जकड़कर दूसरे आतंकवादी के सामने कवच के रूप में उसका इस्तेमाल करने लगे। उत्कृष्ट सूझबूझ का परिचय देते हुए श्री सुदर्शन कुमार ने अपनी अंगुलियों से ट्रिगर दबाकर राइफल की सारी गोलियां बेकार कर दी। दूसरे आतंकवादी द्वारा दागी गई सभी गोलियां उसके साथी को लगी और उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। श्री सुदर्शन कुमार तब तक सुरक्षित रहे जब तक बाहर इंतजार कर रहे अन्य दो आतंकवादी अपने साथी की मदद के लिए पुकार सुनकर दीवार फांदकर अन्दर न आ गए। निहत्थे होने के बावजूद श्री सुदर्शन कुमार विभिन्न दिशाओं में उन पर गोलीबारी कर रहे तीन आतंकवादियों का तब तक बहादुरी से मुकाबला करते रहे जब तक कि नजदीक से उनके सिर पर गोली लगने से उनकी मृत्यु न हो गई।

इस प्रकार श्री सुदर्शन कुमार ने आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए असाधारण वीरता और अनुकरणीय साहस का परिचय दिया और इस कार्रवाई में उन्होंने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान कर दिया।

6. 8030794—पाइनियर (सामान्य ड्यूटी) जुगराज सिंह मीणा
(मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—4 सितम्बर, 1990)

1563 पाइनियर कंपनी (सेना) के जुगराज सिंह मीणा को सीमा सड़क संगठन की बीकन परियोजना की 56 सड़क निर्माण कंपनी के साथ सशस्त्र मार्ग रक्षी/गार्ड के रूप में तैनात किया गया था।

4 सितम्बर, 1990 को उन्हें 369 रोड मेनटेनेन्स प्लाटून केयर, 56 सड़क निर्माण कंपनी के प्लाटून कमांडर एम० बालकृष्ण कुरुप, महायक इंजीनियर (सिविल), जो कि बरास्ता मनासबल कोईल बाईपास पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के लिए जा रहे थे, के मार्गरक्षी के रूप में भेजा गया था। ये सभी एक जोंगा में जा रहे थे जिसे 1582 पाइनियर कंपनी के पाइनियर राजेन्द्रन चला रहे थे। श्रीनगर की मनासबल झील के निकट उग्रवादियो ने उनके वाहन पर घात लगाकर हमला कर दिया। वाहन के पूर्णत. रुक पाने से पूर्व ही पाइनियर जुगराज सिंह मीणा उस पर कूद पड़े और उन्होंने मोर्चा लेकर अकेले ही उग्रवादियों का मुकाबला करना शुरू कर दिया हालांकि उग्रवादी सभी प्रकार से उनसे अधिक शक्तिशाली थे। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए पाइनियर जुगराज सिंह मीणा मोर्चे पर डटे रहे और वे तब तक उग्रवादियों का मुकाबला करते रहे जब तक उग्रवादियों की गोलियों से उनका शरीर छलनी नहीं हो गया। उनके अफसर ड्राइवर और स्वयं उनकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

इस प्रकार पाइनियर जुगराज सिंह मीणा ने अपने जीवन और सुरक्षा की चिंता किए बगैर उन्हें सौंपे गए सरकारी कार्य को करते समय उग्रवादियों से हुई मुठभेड़ में अनुकरणीय साहस और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया।

7. श्री जमन सिंह रावत (मरणोपरांत)
देहरादून, उत्तर प्रदेश।

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—15 सितम्बर 1990)

15 सितम्बर, 1990 को प्रातः 11.00 बजे पिस्तौलों और ए के—47 असाल्ट राइफलों से लैस 03 व्यक्ति स्टेट बैंक आफ पटियाला की देहरादून हरिद्वार रोड स्थित शाखा में पहुंचे। उन में से एक बैंक में घुस गया और बैंक से नकदी लूटने के इरादे से शाखा प्रबन्धक के कमरे की ओर बढ़ा। उस समय ड्यूटी पर तैनात सशस्त्र गार्ड श्री जमन सिंह रावत ने संकट भांपकर अन्दर घुसे हुए व्यक्ति को ललकारा। इस पर उक्त व्यक्ति ने श्री रावत पर पिस्तौल से दो गोलियां दाग दी। बुरी तरह से घायल होने के बावजूद श्री रावत ने अपनी सर्विस गन से गोली चलाकर उसे घायल कर दिया, डकैती के प्रयास को विफल होते देख दो अन्य डकैतों ने अपनी ए के—47 असाल्ट राइफलों से अंधाधुंध गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस कार्रवाई में श्री रावत और बैंक में आए 3 नागरिकों की तत्काल मृत्यु हो गई और अन्य 11 व्यक्ति घायल हो गए।

इस प्रकार श्री जमन सिंह रावत ने अपने प्राणों की आहुति देकर डकैती के प्रयास को विफल करने में अनुकरणीय साहस, उत्कृष्ट सूझबूझ और कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

8. 13748993—राइफलमैन दलीप सिंह, (मरणोपरांत)
जम्मू तथा कश्मीर राइफल्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—19 अक्तूबर, 1990)

19 अक्तूबर, 1990 को राइफलमैन दलीप सिंह अपने गांव फूल प्यारा, तहसील पठानकोट, जिला गुरदासपुर (पंजाब) जा रहे थे। अचानक कुछ अन्य गांववासियों के साथ उन्हें फूल प्यारा गांव के बाहरी इलाके में घात लगाए बैठे चार सशस्त्र आतंकवादियों ने घेर लिया। राइफलमैन दलीप सिंह फुर्ती के साथ निहत्थे ही दुर्दमनीय उत्साह और कौशल से उनके घेरे को तोड़ने के लिए दौड़े। उन्होंने एक आतंकवादी को पकड़ लिया और उससे हथियार छीनने और उसका हथियार छीनकर आतंकवादियों को मारने के उद्देश्य से वे उससे भिड़ गए। इस अचानक हमले से आतंकवादी घबरा गए और आतंकवादियों का ध्यान बंट जाने से फंसे हुए गांव के अन्य लोगों को भागने का मौका मिल गया। राइफल मैन दलीप सिंह को आतंकवादियों की कई गोलियां लगी परन्तु घटना-स्थल पर ही मृत्यु होने तक वे अकेले ही आतंकवादियों से जूझते रहे। उन्होंने भारतीय सेना की परम्पराओं का सही मायनों में अनुसरण करते हुए उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया।

इस प्रकार राइफलमैन दलीप सिंह ने अपनी जान पर खेल कर कई निर्दोष लोगों की जान बचाने में अनुकरणीय साहस व परिचय दिया।

9. आई०सी०—44017 एन० कैप्टन किशोर गौर बाबा
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—20 अक्तूबर, 1990)

सीमा सड़क संगठन की बीकन परियोजना की 333 सरफेसिंग प्लाटून केयर 53 सड़क निर्माण कंपनी के प्रभारी अधिकारी कैप्टन किशोर गौर बाबा को, अप्रैल 90 से नवम्बर, 1990 तक की अवधि के दौरान सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग 1ए—श्रीनगर—बारामूला—उड़ी मार्ग—के रख-रखाव, सुधार और सुदृढ़ करने का काम सौंपा गया था।

आतंकवादियों से अत्याधिक प्रभावित इस क्षेत्र में बिना किसी कठिनाई के अपने कार्मिकों और मशीनरी को सड़क पर काम पर लगाना मुश्किल था। सीमा सड़क संगठन के कार्मिकों के शिविरों, निर्माण-कार्य स्थलों और उनके वाहनों/कानवायों पर आतंकवादियों द्वारा हमलाकर दिए जाने के परिणामस्वरूप समस्या और भी बढ़ गई। सीमा सड़क संगठन के कार्मिकों का बचा-खुचा हौसला उस समय और भी पस्त हो गया जब इस क्षेत्र में आतंकवादियों के हाथों संगठन के कतिपय कार्मिकों को अपने बहुमूल्य जीवन से हाथ धोना पड़ा। ऐसी परिस्थितियों में अपने कार्य के महत्व को समझते हुए कैप्टन के० जी० बाबा ने अपनी सुरक्षा और आराम की परवाह किए बिना दृढ़ निश्चय और समर्पण भावना से दुष्कर एवं विषम परिस्थितियो में अत्यधिक सूझबूझ के साथ योजना बनाई तथा अपने संसाधनों का सुव्यवस्थित एवं गतिशील ढंग से कुशलतापूर्वक उपयोग किया। आतंकवादियों द्वारा इन पर किए गए कतिपय प्राणघातक हमलों के बावजूद ये हमेशा काम पर अपने कार्मिकों के साथ डटे रहते। ये अदम्य साहस तथा दृढ़ संकल्प के साथ सड़क पक्की करने, स्थायी निर्माण-कार्य करने तथा दक्षता एवं कुशलतापूर्वक सड़क के रख-रखाव का काम करते रहे ताकि सड़क पर सैनिको और वाहनों के आने-जाने में कोई अड़चन न आए।

जुलाई, 1990 में कैप्टन के० जी० बाबा को विमानन बेस शरीफाबाद के निर्माण का अतिरिक्त कार्य सौंपा गया। यह सामरिक महत्व का कार्य नवम्बर, 1990 तक पूरा किया जाना था। इन्हें और इनके कार्मिकों को प्रतिकूल परिस्थितियों में बिना किसी सुरक्षा प्रदान किए तैनात किया गया था। परन्तु इसके बावजूद इन्होंने इस कार्य को करने का बीड़ा उठाया। इसके लिए उन्होंने अपने कार्मिको को संगठित किया, उसके लिए सामान जुटाया और फिर उसे निर्धारित समय में पूरा करने के लिए व्यवसायिक कुशलता और दृढ़ निश्चय के साथ कार्य शुरू कर दिया।

20 अक्तूबर, 1990 को जब कैप्टन के० जी० बाबा क्षतिग्रस्त के समय सड़क बनाने के काम में इस्तेमाल किए जाने वाले मार्शल प्लेट के लिए अतिरिक्त हिस्से-पुर्जे लेकर लौट रहे थे तो ये जम्मू श्रीनगर वाहय पथ पर घात लगाकर किए गए भीषण हमले की चपेट में आ गए। इससे काफिले में शामिल वाहनो में सवार कार्मिक भयभीत हो गए। अपने वाहन पर भीषण गोलाबारी होने के बावजूद कैप्टन बाबा ने धैर्य से काम लिया और अपने काफिले को कुशलतापूर्वक गोलाबारी के हमले से बचा लिया। इसके अनुकरणीय धैर्य, अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरित होकर इनके साथ कर्मचारी प्रतिकूल परिस्थितियों में निडर होकर काम करने में लग गए और इन्होंने सामरिक महत्व का यह कार्य रिकार्ड समय में पूरा कर दिखाया।

इस प्रकार कैप्टन किशोर गोर बात्रा ने कार्मिक प्रबन्ध, तकनीकी कौशल, व्यावसायिक कुशलता, वीरता एवं असाधारण तथा प्रशासनीय कार्य-क्षमता का परिचय दिया ।

10 जी/164243-एफ पाइनियर बेहरा राम (मरणोपरांत)
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—10 दिसम्बर, 1990)

1611 पाइनियर कम्पनी के पाइनियर बेहरा राम को सीमा सड़क संगठन की हिमांक परियोजना की 113 सड़क निर्माण कम्पनी के साथ तैनात किया गया था और उन्हें लेह-चालुंका सड़क से बर्फ हटाने के कार्य पर लगाया गया था ।

लेह-चालुका सड़क सामरिक महत्व की सड़क है और सियाचिन ग्लेशियर पर आखुंगला दर्रे के उत्तर की ओर तैनात की गई टुकड़ियों के लिए तो यह मार्ग अति महत्वपूर्ण है । 14000 फुट से लेकर 18380 फुट की ऊंचाई पर स्थित यह मार्ग विश्व का सर्वाधिक ऊंचाई वाला मोटर मार्ग है । सर्दी के मौसम में इस क्षेत्र का तापमान शून्य से 30 डिग्री सेल्सियस नीचे तक पहुंच जाता है । यहां पर प्राय: हर रोज बर्फ के तेज तूफान आते हैं और हिमस्खलन होते रहते हैं । मौसम की इन प्रतिकूल परिस्थितियों में पाइनियर बेहरा राम को 15 नवम्बर, 1990 से सड़क पर से बर्फ हटाने के कार्य के लिए डोजर चालक को रास्ता दिखाने के लिए हैल्पर के रूप में तैनात किया गया था ।

इस क्षेत्र में 9 और 10 दिसम्बर, 1990 की रात में भारी बर्फ पड़ी और सड़क पर लगभग 5 मीटर बर्फ जम गई । पाइनियर बेहरा राम और पाइनियर राजेन्द्र राम को सड़क पर से बर्फ हटाने के काम में डोजर चालक थंगाराजन की सहायता करने का आदेश दिया गया क्योंकि सेना की एक कान्वाय आवश्यक संक्रियात्मक सामान लेकर खारदुंगला दर्रे के उत्तर की ओर जाना था । इस दल ने अपने जीवन के खतरे की परवाह न करते हुए प्रातः 6 बजे जबकि अंधेरा छाया हुआ था अपना कार्य शुरू कर दिया । बहुत कम दिखाई पड़ने और हिमस्खलन के संभावित खतरे को देखते हुए उन्हें सौंपा गया कार्य बहुत ही जोखिमपूर्ण था । जब दोनों कार्मिक सुबह 9 बजे के लगभग डोजर चालक की सहायता कार्य में लगे हुए थे तभी हिमस्खलन हुआ और पाइनियर राजेन्द्र राम आंशिक रूप से बर्फ में दब गए । पाइनियर बेहरा राम ने पाइनियर राजेन्द्र राम की सहायता कर उन्हें बर्फ से बाहर निकाला । हालांकि पुनः हिमस्खलन की संभावना बनी हुई थी परन्तु फिर भी संभावित खतरे की पूरी जानकारी होने के बावजूद यह दल बर्फ हटाने का कार्य करता रहा । लगभग पांच मिनट के बाद ही दुबारा हिमस्खलन हुआ और पाइनियर राजेन्द्र राम एक बार फिर सीने तक बर्फ में दब गए । पाइनियर बेहरा राम जोकि तब तक पुल तक पहुंच गए थे, वापिस पाइनियर राजेन्द्र राम की सहायता को दौड़ पड़े परन्तु उनके वहां तक पहुंचने से पूर्व ही पुनः भीषण हिमस्खलन हुआ और गिरते हुए हिमखण्डों के साथ वे दोनों ही घाटी में गिर गए । हिमखंडों की चोट और बर्फ में दब जाने से उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार, पाइनियर बेहरा राम ने अपने प्राणों की आहुति देकर उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता और वीरता का परिचय दिया ।

11 कैप्टन हरेन्द्र सिंह
(आई० सी०—47454),
9 गोरखा राइफल्स
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—14 जनवरी, 1991)

कैप्टन हरेन्द्र सिंह असम के यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट के दुर्दान्त आतंकवादी को पकड़ने के बाद यूनिट आवास को लौट रहे थे । लौटते समय इन्होंने विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही यामाहा मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्तियों को देखा । इनके आगे चल रही कार ने इन्हें रुकने के लिए सिगनल दिया अपनी मोटरसाइकिल की गति कम करने के बजाय उन्होंने प्रयास करके उसे तीव्र गति से इस कार से आगे निकाल लिया । इस कार के पीछे एक अन्य कार में यात्रा कर रहे कैप्टन हरेन्द्र सिंह ने यह दृश्य देखा । इन्होंने मोटर साइकिल पर भाग रहे व्यक्तियों को पकड़ने के लिए तुरन्त कार का दरवाजा खोला जब ये मोटरसाइकिल सवार इनकी कार के पास पहुंचे तो इन्होंने मोटरसाइकिल की पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति के कंधे पर हथियार लटका हुआ देखा, जिसको उसने अपने कोट में ढक रखा था । इन्होंने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना मोटरसाइकिल पर भाग रहे व्यक्तियों के ऊपर कूद कर पीछे की सीट पर बैठे एक व्यक्ति को पकड़ लिया जिसके पास एम० 22 असाल्ट राइफल थी, फुर्ती के साथ की गई इस कार्रवाई से मोटर साइकिल सवार अपना नियंत्रण खोकर लुढ़क पड़े । इन आतंकवादियों में से एक ने तुरन्त इनकी कार की आड़ ली और अपनी पिस्तौल से गोली चलाने लगा । इस आतंकवादी ने कैप्टन हरेन्द्र सिंह से भिड़ रहे अपने साथी को हथगोला फेंकने का आदेश भी दिया । हमारे सैनिकों ने फौरन जवाबी गोलाबारी की जिससे एक आतंकवादी घायल हो गया और तीसरा आतंकवादी जिसने गोली चलाई थी, पास में घने जंगल में भाग गया । कैप्टन हरेन्द्र सिंह से भिड़ रहे आतंकवादी के दाहिने हाथ में उच्च-विस्फोट 36 प्राइमिम हथगोला और बाएं हाथ में कारतूस से भरी एम 22 असाल्ट राइफल थी । यह आतंकवादी असाल्ट राइफल की नाल से कैप्टन हरेन्द्र सिंह पर प्रहार कर रहा था ताकि यह स्वयं को छुड़ाकर हथगोला फेंक सके और घातक हथियार का इस्तेमाल कर सके परन्तु घायल होने के बावजूद कैप्टन हरेन्द्र सिंह ने उसे पूरी ताकत से जकड़ रखा । इसके पश्चात् इनके दल के अन्य सदस्यों ने मिलकर इस आतंकवादी को दबोच लिया इस कार्रवाई में इस आतंकवादी से एक एम . 22 असाल्ट राइफल और एक उच्च विस्फोट-36 प्राइमिम हथगोला बरामद किया गया ।

इस प्रकार कैप्टन हरेन्द्र सिंह ने आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए धैर्य, साहस एवं उच्चकोटि के असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया ।

12. सैकिण्ड लैफ्टिनेंट प्रियदर्शी चौधरी
(आई० सी०-49481) 11 सिख

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—19 जनवरी 1991)

सैकण्ड लेफ्टिनेंट प्रियदर्शी चौधरी संक्रिया रक्षक क्षेत्र में पंजाब में तैनात 11 सिख की एक यूनिट के आसूचना और निगरानी अफसर थे । 19 जनवरी 1991 को लगभग 1600 बजे इनकी यूनिट को फिरोजपुर जिले के सिहलके गांव के पास एक क्षेत्र की घेराबन्दी करके उसकी तलाशी लेने का आदेश दिया गया था जहां एक-97 राइफलों, सैल्फ लोडिंग राइफलों और राकेट लांचरों जैसे घातक हथियारों से लैस 9 आतंकवादियों का एक दल मोर्चा संभाले हुए था । इनमें से चार आतंकवादियों ने एक फार्म हाउस में जबर्दस्ती कब्जा करके गहरी खाई में मोर्चा संभाला हुआ था तथा शेष पांच आतंकवादी सफेदे के घने पेड़ों में छिपे हुए थे । "ए" कंपनी फार्म हाउस के दक्षिण में और "बी" कंपनी उसके पश्चिम में थी जहां से आतंकवादी कारगर ढंग से गोलीबारी कर रहे थे । सैकिण्ड लैफ्टिनेंट प्रियदर्शी चौधरी ने "ए" कंपनी में पहुंच कर यह पाया कि सीमा सुरक्षा बल का एक जवान उग्रवादियों की प्रभावी गोलीबारी की चपेट में आ गया है । यह नौजवान अफसर भीषण गोलीबारी के बीच आगे बढ़े और सीमा सुरक्षा बल के जवान को कुशलतापूर्वक वहां से सुरक्षित स्थान पर ले आए । उसके बाद ये "बी" कंपनी के प्लाटून नं० 6 की तरफ बढ़े जिसे फार्म हाउस को मुक्त कराने का काम सौंपा गया था । यह पता लगाने के बाद कि राकेट लांचर नं० 1 से छोड़े गए दो राकेटों में से केवल एक राकेट ही प्रहार कर सका सैकिण्ड लैफ्टिनेंट प्रियदर्शी चौधरी राकेट लांचर नं० 1 को लेकर फार्म हाउस के निकट पहुंच गए और 84 एम एम राकेटों से तीन बार प्रहार किया जिससे उन्हें शत-प्रतिशत सफलता मिली । अब अंधेरा होने लगा था । सैकिण्ड लेफ्टिनेंट प्रियदर्शी चौधरी प्लाटून नं० 6 के सैनिकों को लेकर फार्म हाउस के निकट पहुंच गए तथा इन्होंने उसकी छत पर चढ़कर हथगोला फेंके । उसके बाद अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह

किए बिना ये तीव्र गति से छत से कूद पड़े और ठोकर मार कर उस कमरे के दरवाजे को खोल दिया जहां से सुदृढ़ मोर्चा संभाले दो आतंकवादी गोलियां बरसा रहे थे। दरवाजा खुलते ही इन्होंने एक और हथगोला फैंका और उस हथगोले के फटने के साथ ही अपनी कारबाइन से गोलियां बरसाते हुए कमरे में प्रवेश करके इन्होंने तीन आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया।

इस प्रकार सैकिण्ड लेफ्टिनेन्ट प्रियदर्शी चौधरी ने आतंकवादियों का मुकाबला करते हुए अदम्य साहस और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

13 जी/110082—डब्ल्यू आपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी जगदीश राज

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—20 जनवरी 1991)

सीमा सड़क संगठन की परियोजना हिमांक के लिए तैनात की गई 113 सड़क निर्माण कंपनी की 359 सड़क रखरखाव प्लाटून के आपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी जगदीश राज को लेह-चालुका सड़क से डोजर से बर्फ हटाने का कार्य सौंपा गया था।

विश्व का यह सबसे अधिक ऊंचाई वाला मोटर मार्ग है जो 18380 फीट की ऊंचाई पर है। यह खारदुंगला दर्रे से होकर गुजरता है और यहां का न्यूनतम तापमान शून्य से 30 से लेकर 40 डिग्री सेंटिग्रेड तक कम हो जाता है। विशेष रूप से 25 से 72 मि० मी० के बीच के मार्ग पर अकसर भूस्खलन और हिमस्खलन होता रहता है। 113 सड़क निर्माण कम्पनी को इस मार्ग को वाहनों के आने जाने के लिए चालू हालत में रखने का कार्य सौंपा गया है ताकि सियाचिन ग्लेशियर में तैनात हमारे जवानों को निर्बाध रूप से सम्भारिकी सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जा सके।

आपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी जगदीश राज को वर्ष 1988-89, 1989-90 और 1990-91 में शीतकाल में कि० मी० 43 और खारदुंगला दर्रे के बीच मार्ग से बर्फ हटाने का दायित्व सौंपा गया था। 1988-89 में शीत ऋतु में हुए एक हिमस्खलन में ये अपने डोजर के साथ बर्फ में दब गए थे। घायल हो जाने के बावजूद इन्होंने स्वयं को बाहर निकाला। हालांकि पुनः बर्फ में दब जाने का खतरा बना हुआ था परन्तु उसकी परवाह न करते हुए घायल अवस्था में भी ये अपने काम में लगे रहे। इन्हें काफी चोट आई थी इसलिए बाद में इन्हें चंडीगढ़ स्थित कमान अस्पताल में भेज दिया गया। चोट लगने के बावजूद आपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी जगदीश राज ने फिर वर्ष 1989-90 की शीत ऋतु में बर्फ हटाने के कार्य के लिए स्वयं को प्रस्तुत किया। असाधारण साहस और निष्ठापूर्वक कार्य करते हुए इन्होंने सड़क को वर्ष भर यातायात के लिए खुला रखा। वर्ष 1990 में इनकी दाईं आंख में खराबी आ गई थी परन्तु इसके बावजूद इन्होंने एक बार फिर स्वेच्छापूर्वक वर्ष 1990-91 की शीत ऋतु में मार्ग से बर्फ हटाने के कार्य का बीड़ा उठाया। इनके कमान अधिकारी ने इन्हें बर्फ हटाने का कार्य न करने की सलाह दी परन्तु ये अपने निर्णय पर अडिग रहे और इस कार्य के लिए फिर तैयार हो गए। इन्हें नवम्बर 1990 में पुनः 43 कि० मी० और खारदुंगला दर्रे के बीच बर्फ हटाने के कार्य के लिए तैनात किया गया। अपनी दाईं आंख में लगी चोट और अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी चिंता किए बिना शून्य से भी कम तापमान में भारी हिमस्खलनों और हिमस्खलनों के जोखिम के बीच वे लगातार तीन माह तक बर्फ हटाने का कार्य करते रहे और सड़क को यातायात के लिए पूरे वर्ष खुला रखा। 20 जनवरी 1991 को उनकी दाईं आंख की स्थिति और अधिक बिगड़ गई तथा इन्हें जबरदस्ती लेह के जनरल अस्पताल में भेज दिया गया। बाद में चंडीगढ़ के कमान अस्पताल में दाईं आंख आपरेशन करके निकालनी पड़ी।

इस प्रकार आपरेटर एक्सकेवेटिंग मशीनरी जगदीश राज ने काफी लम्बे समय तक दृढ़ संकल्प, उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता और साहस का परिचय दिया। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा और आराम की तनिक भी परवाह न करते हुए इन्होंने अत्यधिक कठिन क्षेत्र में बर्फ हटाने का कार्य किया और साहस एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

14. कैप्टन चिमबंडा मछेया थिमन्ना (आई० सी०-49398) आर्टिलरी (पुरस्कार की प्रभावी तारीख—9 मार्च 1991)

कैप्टन थिमबंडा मछेया थिमन्ना को असम के मंगलदाई क्षेत्र में यूनाईटेड लिबरेशन फ्रंट के उग्रवादियों की गतिविधियों पर काबू पाने का काम सौंपा गया था। इस क्षेत्र में ये उग्रवादी स्थानीय व्यापारियों और चाय के व्यापारियों से धन छीनने में लगे हुए थे। कैप्टन थिमन्ना को इस क्षेत्र में पिस्तौल की नोक पर पैसा छीनने वाले दो व्यक्तियों श्री स्वराज कुमार डेका और श्री अरूप बरूआ को गिरफ्तार करना था। यह सूचना मिलने पर कि श्री स्वराज डेका होटल एलोरा में रात्री का भोजन कर रहें हैं कैप्टन थिमन्ना होटल में पहुंच गए। होटल के अन्दर बहुत हल्की रोशनी होने के कारण काफी अंधेरा था। उन्होंने फोटोग्राफों के आधार पर श्री स्वराज डेका को पहचाना और उसे ललकारा। इस पर स्वराज डेका ने इन्हें मारने के उद्देश्य से एक छुरा निकाल कर इन पर हमला कर दिया। कैप्टन थिमन्ना ने फुर्ती से स्वराज डेका पर छलांग लगाई और पूरी ताकत के साथ छुरे को छीनकर होटल से बाहर फेंक दिया। तब दोनों के बीच बिना हथियार के 15 मिनट तक भीषण लड़ाई हुई। कैप्टन थिमन्ना ने स्वराज डेका को जमीन पर पटक दिया और उसकी छाती पर बैठ गए। अब उसके पास इस साहसी और बलशाली अफसर के सामने आत्मसमर्पण करने के अतिरिक्त और कोई विकल्प नहीं था। अतः स्वराज डेका ने हाथ उठाकर अपने आत्मसमर्पण की घोषणा की। स्वराज डेका से पूछ-ताछ करने पर अरूप बरूआ को गिरफ्तार करने का सुराग मिला। उस क्षेत्र के लोग अरूप बरूआ की गतिविधियों से बहुत ज्यादा भयभीत थे। अतः कैप्टन थिमन्ना ने दिन-रात उसके घर की निगरानी शुरू कर दी। 9 मार्च 1991 को यह सूचना पाकर कि अरूप बरूआ घर आया हुआ है कैप्टन थिमन्ना ने उसके घर को चारों ओर से घेर लिया और दरवाजा तोड़कर अन्दर घुस गए। इस पर अरूप बरूआ खिड़की से बाहर कूद गया और रात के अंधेरे का लाभ उठाते हुए भाग निकलने की कोशिश करने लगा। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए कैप्टन थिमन्ना ने उसी खिड़की से कूद कर अरूप बरूआ का पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों में काफी संघर्ष हुआ जिसमें कैप्टन थिमन्ना थोड़े जख्मी भी हो गए। 10 मिनट की हाथापाई के बाद इन्होंने अरूप बरूआ को पूरी तरह काबू में कर लिया।

इस प्रकार कैप्टन चिमबंडा मछैया थिमन्ना ने दो दुर्दान्त आतंकवादियों को गिरफ्तार करने में उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया।

15 2770106—हवलदार लिम्बक दादा निमसे, मराठा लाईट इन्फैंट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—19 मार्च, 1991)

26 मराठा लाइट इन्फैंट्री की "बी" कम्पनी के एक दल को 19 मार्च, 1991 को एक संदिग्ध विद्रोही को गिरफ्तार करने के लिए असम में तैनात भेजा गया। वहां एक आतंकवादी के छुपे होने की आशंका थी। हवलदार लिम्बक दादा निमसे दल के स्काउट कमांडर थे। घर का पता लगने पर हवलदार निमसे रेंगते हुए घर के पास पहुंच गए और घर की मजबूती के साथ घेराबंदी कर दी। उन्होंने यह कार्रवाई बिना किसी आहट के इतनी तेजी के साथ की कि असम के यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट के खतरनाक आतंकवादी अमृत राभा को अपनी झोंपड़ी के बाहर हो रही कार्रवाई की तनिक भी भनक नहीं लगी। गश्तीदल में शामिल सूबेदार यशवन्त राव महादिक ने दरवाजा खटखटाया। आतंकवादी ने खिड़की से बाहर कूद कर एक "डाह" उठा लिया और हवलदार लिम्बक दादा निमसे की ओर दौड़ा, हवलदार निमसे ने तत्काल आतंकवादी के साथ द्वन्द्व युद्ध कर दिया। उन्होंने जल्दी ही आतंकवादी को पूरी तरह काबू में कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 20,550 रुपये बरामद हुए। उससे गहन पूछताछ किए जाने पर उसने संगठन के बारे में महत्वपूर्ण सूचना दी और उसने असम यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट की दो महिला आतंकवादियों को पकड़वाया। उसने हाटी गांव में असम यूनाइटेड

लिब्रेशन फ्रंट के 25 आतंकवादियो के होने के बारे मे भी सूचना दी। इस पर तीन अफसरों, एक जूनियर कमीशन अफसर और 30 अन्य रैंकों का एक दल तत्काल उक्त गांव मे पहुंचा। वाहन के गांव के पास पहुंचते ही नौजवान व्यक्तियो का एक दल वहां से भागने लगा। सैनिकों के दल ने वाहन से उतर कर दो दिशाओं मे आतंकवादियों का पीछा करना शुरू कर दिया। इस बार भी हवलदार निमसे सबसे आगे थे। भागता हुआ एक आतंकवादी बचने के लिए नाले के अन्दर कूद गया। हवलदार निमसे भी आतंकवादी के पीछे कूद गए। चारों ओर से घिरा हुआ पा कर आतंकवादी हवलदार निमसे से भिड़ गया। हवलदार निमसे 12 घंटे की लगातार संक्रियात्मक कार्रवाई के फलस्वरूप बुरी तरह थके हुए थे। लगभग दो मिनट तक दोनों के बीच हाथापाई होती रही और उसके बाद वे दोनों पानी में डूब गए। अंधेरा बढ़ता जा रहा था और दोनो में से कोई भी दिखाई नही दे रहा था। अच्छी तरह से खोजबीन करने के बाद अगले दिन उसी स्थान से दो शव बरामद हुए जहां उन दोनों को अंतिम बार हाथापाई करते हुए देखा गया था।

इस प्रकार हवलदार त्रिम्बक दादा निमसे ने अदम्य साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया तथा सेना की उच्चतम परम्पराओं के अनुरूप अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।

16. 2779648—सिपाही सुधाकर धुले,
6 मराठा लाईट इन्फैंट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख—30 मार्च, 1991)

